हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 7 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 24.9 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

10 शारीरिक संतुलन भी ठीक से नहीं बन पाता था…



11 37 करोड़ की परियोजना से बदलेगी शहर की सूरत…



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- बंसीलाल स्टेडियम में हरियाणा मुंबई मैच का दूसरा दिन
- एमडीयू में एलुमिनी मीट सुबह 10 बजे
- जन सेवा संस्थान के भिवानी रोड़ स्थित वृद्धाश्रम में आंखों का नि:शुल्क चेकिंग एंव आपरेशन कैंप सुबह 8:30 बजे

## खबर संक्षेप

### एमडीयू : यूजी दूरस्थ शिक्षा मोड की परीक्षाएं 16 से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की स्नातक (यूजी) दूरस्थ शिक्षा मोड की थ्योरी परीक्षाएं 16 फरवरी से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि बीए एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर फ्रेश (ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड) सेमेस्टर सिस्टम के तहत ये परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। यह परीक्षाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी–2020) के अंतर्गत ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं की विस्तृत डेट शीट शीघ्र ही विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी जाएगी। वहीं विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र भी एमडीयू वेबसाइट पर जल्द जारी किए जाएंगे। ऑनलाइन परीक्षाओं से संबंधित एसओपी और दिशा-निर्देश भी अलग से विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे।

### एमएड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13 फरवरी से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा एमएड तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन (रेगुलर एवं री-अपीयर) पाठ्यक्रमों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13 से 20 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो राहुल ऋषि ने बताया कि एमएड प्रथम और तृतीय सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर) तथा चतुर्थ सेमेस्टर (केवल री-अपीयर), एमएड स्पेशल के प्रथम और तृतीय सेमेस्टर (रेगुलर एवं री-अपीयर) तथा चतुर्थ सेमेस्टर (केवल री-अपीयर) की प्रायोगिक परीक्षाएं विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों एवं संबद्ध कॉलेजों में आयोजित की जाएंगी।

### इंटर कॉलेज महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता 6 व 7 मार्च को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय ने सत्र 2025-26 के लिए इंटर कॉलेज महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 7 मार्च 2026 तक विश्वविद्यालय के खेल परिसर में किया जाएगा। निदेशक खेल डॉ शकुंतला बेनीवाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए टीमों की रिपोर्टिंग 6 मार्च को सुबह 9 बजे एमडीयू खेल परिसर में होगी। विश्वविद्यालय महिला हैंडबॉल टीम के चयन ट्रायल 7 मार्च को दोपहर 12 बजे आयोजित किए जाएंगे।

### फर्जी पासपोर्ट से विदेश भागा युवक, केस दर्ज

**महम।** सैमाण गांव का एक युवक पुलिस को चकमा देकर विदेश भाग गया। रोहतक सीआईए-2 ने उसके खिलाफ महम थाने में केस दर्ज करवाया है। पुलिस शिकायत में सीआईए-2 रोहतक के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि सैमाण गांव निवासी सुमित उर्फ छोटा पुत्र राजेंद्र का पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ कई केस दर्ज हैं। पुलिस को सूचना मिली कि सुमित उर्फ छोटा ने संबंधित अथोरिटी या अन्य व्यक्तियों के साथ मिलीभगत करके गलत दस्तावेजों पर अपना पासपोर्ट बनवा लिया है।

## जिले में अपराध का ग्राफ एक वर्ष तक बना रहा चिंता का विषय

# पुलिस ने हत्या के 90% मामले सुलझाए संगठित गैंगों से निपटना अब भी चुनौती

### साइबर ठगी के बढ़ते मामले लोगों की जेबें कर रहे खाली | भैंस चोरी के बढ़ते मामले ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बने खतरा

*हत्या के मामलों में अधिकतर घटनाएं आपसी रंजिश, जमीन विवाद*

*बीते साल 56 हत्या के मामले हुए, जिनमें 48 को सुलझाने का दावा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

जिले में अपराध का ग्राफ पिछले एक वर्ष के दौरान चिंता का विषय बना रहा। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जिले में बीते साल 56 हत्या के मामले दर्ज हुए, जिनमें से 48 मामलों को पुलिस ने सुलझाने का दावा किया है। हालांकि कई संगठित आपराधिक गतिविधियों और गिरोहों पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाने से आमजन में असुरक्षा की भावना बनी हुई है। खासकर हिमांशु भाऊ गैंग की गतिविधियां पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार हत्या के मामलों में अधिकतर घटनाएं आपसी रंजिश, जमीन विवाद और पुरानी दुश्मनी से जुड़ी रही हैं। कई मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जबकि कुछ मामलों की जांच अभी भी जारी है। पुलिस ने अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान भी चलाए, लेकिन संगठित गिरोहों की सक्रियता के कारण कानून व्यवस्था पर दबाव बना रहा।

#### ऑनलाइन ट्रांजेक्शन पर ठगों की पैनी नजर



जिले में साइबर ठगी के मामलों में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। ऑनलाइन बैंकिंग, फर्जी लिंक और कॉल के जरिए लोगों को ठगने की घटनाएं सामने आई हैं। पुलिस की साइबर सेल द्वारा जागरूकता अभियान चलाने के बावजूद अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि डिजिटल लेनदेन के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधियों की सक्रियता भी बढ़ी है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं को निशाना बने रहे चोर



इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भैंस चोरी की घटनाएं सबसे ज्यादा दर्ज की गई हैं। पशुपालकों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है और कई गांवों में रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग उठी है। पुलिस ने कुछ मामलों में गिरोहों को पकड़ने में सफलता हासिल की है, लेकिन चोरी की वारदातें पूरी तरह नहीं रुक पाई हैं।

#### क्राइम रिपोर्ट कार्ड

| | |
|---|---|
| *कुल हत्या के मामले* | 56 |
| *सुलझाए गए मामले* | 48 |
| *लंबित मामले* | 8 |

**मुख्य चुनौतियां**

- हिमांशु भाऊ गैंग की गतिविधियां
- साइबर ठगी के बढ़ते मामले
- पशु चोरी की वारदातों में वृद्धि
- ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा की मांग

**पुलिस की रणनीति**

- विशेष निगरानी व गश्त बढ़ाई
- साइबर जागरूकता अभियान
- सीसीटीवी नेटवर्क का विस्तार
- संदिग्धों पर लगातार नजर

#### अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा

अपराध नियंत्रण के लिए जिले में निगरानी बढ़ाई गई है और संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त तेज की गई है। साथ ही सीसीटीवी नेटवर्क का विस्तार और अपराधियों की निगरानी के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। एसी ने लोगों से भी सहयोग की अपील करते हुए संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया है।
-सुरेंद्र भौरिया, एसपी रोहतक

#### केस नंबर -1 कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल

यह मामला 2025 की सबसे चर्चित हत्याओं में से एक रहा। 30 वर्षीय कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल शहर के विजय नगर की रहने वाली थी। वह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अपनी पारंपरिक हरियाणवी पोशाक की वजह से चर्चा में आई थीं। हिमानी वैश्य कॉलेज से एमबीए और लॉ की पढ़ाई भी कर चुकी थीं। 2 मार्च 2025 की सुबह सांपला बस अड्डे के पास सड़क किनारे एक नीले रंग के सूटकेस में उनका शव बरामद हुआ। सूटकेस खेतों के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। जब पुलिस ने इसे खोला तो देखा कि हिमानी का चेहरा नीला पड़ा हुआ था और होंठों पर खून लगा था। इससे स्पष्ट होता है कि उसकी निर्ममता से हत्या की गई थी। जांच में यह भी सामने आया कि हिमानी को पहले बुरी तरह पीटा गया और बाद में चुनरी से गला घोंटकर हत्या की गई। कई संदिग्धों से पूछताछ की गई साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने इसे जल्द सुलझाने का दावा किया।

#### केस नंबर-2 प्लॉट विवाद में सुमित की हत्या

23 अक्टूबर 2025 की रात लगभग 9:30 बजे फतेहपुर कॉलोनी में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश और प्लॉट विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान 21 वर्षीय सुमित, जो प्लंबर का काम करता था, को आरोपी मनीष ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद परिजन पीजीआई रोहतक ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुमित तीन भाई-बहनों में बड़ा था और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी संभाल रहा था। उधर, जैसे ही घटना की जानकारी फैली, सुमित पक्ष के लोगों ने हमलावर मनीष पर गंडासी से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस तरह मामूली विवाद ने देखते ही देखते दो परिवारों की जिंदगियां छीन लीं। पुलिस ने साक्ष्य जुटाए, कॉलोनियों में सीसीटीवी खंगाले दोनों परिवारों के बयान लिए। मामले को सुलझा दिया गया है, लेकिन यह घटना आपसी रंजिशों में कानून हाथ में लेने की प्रवृत्ति को उजागर करती है।

#### केस नंबर-3 काहनी गांव में सपना की हत्या

20 नवंबर की रात काहनी गांव में 23 वर्षीय सपना की उसके घर में ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना में उसका देवर साहिल (20) भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों को रात लगभग 10:45 बजे पीजीआई लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सपना को मृत घोषित कर दिया। सपना की शादी सूरज से तीन वर्ष पहले कोर्ट मैरिज के तहत हुई थी। यह शादी सपना के मायकेवालों को पसंद नहीं थी और उन्होंने दोनों को गांव में रहने से मना कर दिया था। इन दबावों के चलते दंपती कुछ वर्षों तक रोहतक में किराये पर रहने लगे। मगर दो महीने पहले वे फिर से गांव में रहने आए। पुलिस जांच में सामने आया कि सपना के मायके पक्ष को यह बात नागवार थी और लंबे समय से तनाव बना हुआ था। बेटे का जन्मदिन 22 नवंबर को था और घर पर तैयारी चल रही थी, जिनमें अचानक इस घटना ने मातम छा दिया। पुलिस ने मामले को भी सुलझाने का दावा किया है।

#### केस नंबर-4 नहर की पटरी पर महिला का शव

24 नवंबर को गांव मायना के पास नहर की पटरी पर लगभग 30 वर्षीय एक महिला का शव मिला। महिला के माथे में गोली मारकर हत्या की गई थी। शव की पहचान प्रारंभ में नहीं हो पाई। घटनास्थल की स्थिति देखकर यह अनुमान लगाया गया कि हत्या कहीं और की गई और बाद में शव को यहां फेंका गया। जेएलएन नहर और भालौठ सब-ब्रांच के बीच स्थित सुनसान इलाके में शव मिलने की सूचना सिंचाई विभाग के जेई ने गांव मायना के सरपंच प्रतिनिधि को दी, जिन्होंने पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया और तकनीकी सर्विलांस व डीएनए प्रोफाइलिंग के आधार पर इस केस को भी ट्रेस कर लिया है। पुलिस के अनुसार यह मामला भी व्यक्तिगत रंजिश से जुड़ा हुआ था।

## महम रेलवे स्टेशन पर होगा ठहराव

# महाकाल के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को मिली ट्रेन

- इंदौर के लिए हिसार से 12 मार्च को दोपहर 1:20 बजे चलेगी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन
- रोहतक वाया महम हांसी रूट पर यात्रियों के लिए शुरू हो रही है नई रेल सेवा
- इंदौर से यह ट्रेन 11 मार्च को चलेगी जो 12 मार्च को सुबह 9:20 बजे हिसार पहुंचेगी
- इंदौर-नई दिल्ली सुपर फास्ट एक्सप्रेस का विस्तार किया गया





राज कुमार नरवाल ▶▶। महम

रोहतक वाया महम हांसी रेलवे लाइन को छोटी रेलवे लाइन माना जा रहा था। लेकिन अब इस रेलवे लाइन पर सुपरफास्ट रेलगाड़ियां दौड़ेंगी। रेलवे विभाग ने इंदौर-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के रूट में विस्तार कर दिया है। यह रेलगाड़ी अब रोहतक वाया महम हांसी होते हुए हिसार तक जाएगी। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलेगी। यह रेलगाड़ी अब नई दिल्ली की बजाए शकूरबस्ती व सफदरजंग होकर चलेगी।

इस ट्रेन को रोहतक वाया महम हांसी रेलवे लाइन पर चलाया जा रहा है। क्योंकि भिवानी रूट पर समय अधिक लगता है। यह पहला मौका है जब इंदौर और हिसार के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए इंदौर तक सीधी रेल सेवा शुरू हो रही है। रेल मंत्रालय ने ट्रेन संख्या 20957/58 इंदौर-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस को हिसार तक विस्तारित करने की मंजूरी दी है। यह ट्रेन 11 मार्च को इंदौर से रवाना होगी और 12 मार्च को सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर हिसार पहुंचेगी। इसी दिन यह दोपहर 1 बजकर 20 मिनट पर इंदौर के लिए रवाना होगी। इस

#### गुरुवार, शनिवार और सोमवार को होगी रवाना

ट्रेन संख्या 20957 हिसार-इंदौर सुपरफास्ट ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलेगी। यह ट्रेन वीरवार, शनिवार और सोमवार को हिसार से इंदौर के लिए दोपहर 1:20 बजे चलेगी। अगले दिन शुक्रवार, रविवार, और मंगलवार को सुबह 6:45 बजे इंदौर पहुंचेगी।

#### इन स्टेशनों पर रुकेगी इंदौर जाने वाली ट्रेन

यह सुपरफास्ट ट्रेन हिसार, हांसी, महम, रोहतक, शकूरबस्ती, दिल्ली सफदरजंग, मथुरा, भरतपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगढ़ मंडी, नगडा जंक्शन, खाचरोड, रतलाम, बरनागर और इंदौर रेलवे स्टेशन पर रुकेगी।

ट्रेन से जहां हिसार, हांसी, महम और रोहतक इलाके के व्यापारियों, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं अब इन इलाकों से उज्जैन में महाकाल के दर्शन के लिए जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए भी बड़ी खुश खबरी है। यही नहीं इस ट्रेन के जरिए दिल्ली की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों का एक से डेढ़ घंटा बचेगा। पहले हिसार से दिल्ली की ओर चलने वाली ट्रेनें वाया भिवानी होकर जाती थी। जिससे दिल्ली तक पहुंचने में ही समय ज्यादा लगता था।

## 13.72 एकड़ में हो रहे अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

# मकडौली खुर्द, सराय अहमद व रोहतक में चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

जिला प्रशासन ने नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्ती बढ़ाते हुए गांव मकडौली खुर्द, सराय अहमद और रोहतक में तोड़-फोड़ अभियान चलाया। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि लगभग 13.72 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करते हुए एक अवैध निर्माण, चारदीवारी, कच्चा रोड नेटवर्क और इंटरलॉकिंग टाइल्स से बने सड़क नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध कॉलोनियों और निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा।

**इंटरलॉकिंग टाइल्स को तोड़ा**



#### अवैध कॉलोनियों पर लगातार निगरानी

जिला प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आगे भी नियमित रूप से अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ नागरिकों को जागरूक करने पर भी जोर दिया जा रहा है, ताकि वे अपनी पूंजी सुरक्षित और वैध परियोजनाओं में ही निवेश करें।

## ▶▶ गोली मारकर की आत्महत्या, व्यापारी वर्ग स्तब्ध ▶▶ कारणों का पता नहीं

# मंडी में आढ़ती थे आईपीएस के पिता जयपाल

*घटना के बाद जयपाल को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

शहर की अनाज मंडी में शुक्रवार शाम एक दुखद और चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब आढ़ती जयपाल (लगभग 60 वर्ष) मृत पाए गए। घटना के बाद मंडी क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि अभी तक मौत के कारणों को लेकर कोई स्पष्ट निष्कर्ष सामने नहीं आया है और हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जयपाल रोज की तरह सुबह अनाज मंडी स्थित दुकान नंबर 38 पर पहुंचे थे। दिनभर वे सामान्य रूप से दुकान पर काम करते रहे। शाम के समय वे दुकान के बाहर कुर्सी पर बैठे हुए थे। आसपास अन्य आढ़ती भी अपनी दुकानों पर मौजूद थे। इसी दौरान अचानक घटना हुई, जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद व्यापारियों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। जयपाल को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पीजीआई के ट्रामा सेंटर भेज दिया। जांच के दौरान एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ सरोज दहिया को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए।



**रोहतक।** मृतक जयपाल का फोटो।



जांच करती एफएसएल टीम डॉ. दहिया।

#### परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा

जयपाल का परिवार सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रतिष्ठित माना जाता है। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। उनका बेटा राहुल बल्हारा हाल ही में आईपीएस अधिकारी बना है और फिलहाल केंद्र शासित प्रदेश में तैनात बताया जा रहा है।

#### मौत का कारण स्पष्ट नहीं

पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के बाद ही मौत के कारणों को लेकर कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा। अफवाहों से बचें और जांच पूरी होने तक धैर्य रखें।
-राकेश सैनी, थाना प्रभारी, शिवाजी कॉलोनी

## तैयारियों को लेकर कुलगुरु ने किया प्रेरित, 9 फरवरी से होगा शुभारंभ

# भारत रंग महोत्सव व 'सारंग' से बढ़ेगा सुपवा का मान-सम्मान

**कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने कहा- हर सदस्य की अहम भूमिका, आचार, विचार और व्यवहार में दिखें संस्थान की पहचान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने कहा कि हमारे आचार, विचार और व्यवहार सभी के आचरण में स्पष्ट रूप से झलकने चाहिएं। यही किसी भी संस्थान की असली पहचान होती है। वे शुक्रवार को यूनिवर्सिटी परिसर स्थित रैंप वॉक ऑडिटोरियम में सुपवा परिवार को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ फैकेल्टी, टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भी बड़ी संख्या में मौजूद रहा। कुलगुरु का यह संबोधन 9 फरवरी से शुरू हो रहे चार दिवसीय भारत रंग महोत्सव (भारंगम) और 'सारंग' की तैयारियों को लेकर था। डॉ. अमित आर्य ने कहा कि इस महोत्सव की सफलता की जिम्मेदारी सिर्फ आयोजन समिति की नहीं, बल्कि सुपवा परिवार के हर सदस्य की है। सफाई योद्धा, माली, गार्ड से लेकर रजिस्ट्रार तक और यहां अध्ययनरत प्रत्येक छात्र-छात्रा को किसी न किसी रूप में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने उन विद्यार्थियों की विशेष रूप से सराहना की, जो दिन-रात विश्वविद्यालय परिसर की साज-सज्जा और व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य।

#### अन्य प्रदेशों के सांस्कृति की झलक देखने को मिलेगी

कुलगुरु ने बताया कि 'सारंग' का मंच एफटीवी डिपार्टमेंट के कोर्टयार्ड में तैयार किया जा रहा है, जहां 9 फरवरी से सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक प्रस्तुतियां होंगी। इसमें डीएलसीसुपवा के छात्रों के साथ अन्य प्रदेशों की लोक कला और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। वहीं 'भारंगम' का आयोजन एफटीवी डिपार्टमेंट के मिनी ऑडिटोरियम में किया जाएगा, जहां शाम 6 बजे से रंगमंच की प्रस्तुतियां होंगी। चारों दिन अलग-अलग टीमें प्रस्तुति देंगी, जो पंजाब, दिल्ली और श्रीलंका से आ रही हैं। यह आयोजन नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली द्वारा डीएलसीसुपवा के सहयोग से किया जा रहा है।

#### छात्रों को सिखाई फैशन व लाइफ स्टाइल फोटोग्राफी

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) स्थित डिजाइन विभाग के फैशन एवं लाइफ स्टाइल डिपार्टमेंट में फैशन फोटोग्राफी कार्यशाला चलाई जा रही है। चौथे सेमेस्टर के छात्रों को फैशन फोटोग्राफी की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कार्यशाला का अवलोकन करते हुए छात्र-छात्राओं से फीडबैक लिया। फैशन लाइफस्टाइल डिजाइन के एचओडी सतीश रंगा ने बताया कि कार्यशाला में विजिटिंग फैकेल्टी अनिल कुमार फैशन इंडस्ट्री में प्रोडक्ट शूट, मॉडल शूट आदि के टिप्स दे रहे हैं। कार्यशाला के दौरान छात्र सीख रहे हैं कि वे एक टीम के तौर पर कैसे कार्य कर सकते हैं, ऐसे में आपसी समन्वय कैसे रखना होता है। रंगा ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला में मिलने वाले टिप्स से छात्र डिजाइन इंडस्ट्री के साथ ही फोटोग्राफी इंडस्ट्री में भी कार्य कर सकेंगे।

# गाड़ी चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, पांच दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

जिले में गाड़ी चोरी की वारदात को सुलझाते हुए रोहतक पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, जबकि मामले की गहन जांच जारी है। प्रभारी स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि गांव आसौदा निवासी मंजीत की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 10 अगस्त 2024 को मंजीत अपनी पत्नी को अत्री नर्सिंग होम लेकर आया था और सोनीपत रोड के पास गाड़ी खड़ी कर चला गया। अगले दिन 11 अगस्त को लौटने पर उसकी गाड़ी गायब मिली। गाड़ी में नगदी, सोने की अंगूठी, चैन सहित अन्य सामान भी रखा हुआ था। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक कृष्ण द्वारा की गई। जांच के दौरान 4 फरवरी को आरोपी शाहिद पुत्र इकबाल निवासी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर चोरी से जुड़े अन्य तथ्यों और संभावित साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।



## स्पेशल नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत और कांस्य जीता

# शारीरिक संतुलन भी ठीक से नहीं बन पाता था, अब मयंक ने जीते दो पदक

मयंक बोले-2020 से लगातार दौड़ का अभ्यास कर रहा *शुरुआत में चुनौतियां बहुत बड़ी थीं।* निरंतर अभ्यास ने आज मुझे इस मुकाम पर पहुंचाया

रोहित डागर ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के खेल परिसर में स्पेशल ओलंपिक्स भारत द्वारा आयोजित एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। मयंक ने इस नेशनल चैंपियनशिप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देते हुए दो अलग-अलग स्पर्धाओं में पदक हासिल किए। मिनी जैवलिन थ्रो में रजत पदक और 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। मयंक की यह जीत केवल पदकों तक सीमित नहीं है। मयंक ने बताया कि वह 2020 से लगातार दौड़ का अभ्यास कर रहे। शुरुआत में चुनौतियां बहुत बड़ी थीं। मेरा शारीरिक संतुलन भी ठीक नहीं बन पाता था, लेकिन निरंतर अभ्यास ने आज मुझे इस मुकाम पर पहुंचाया है। मयंक के पिता सतीश कुमार दवाई सप्लाई का काम करते हैं और मां अंजू गृहिणी हैं, उनके इस सफर में सबसे बड़े स्तंभ रहे हैं। मयंक का प्रदर्शन पिछले कुछ वर्षों से शानदार रहा है। उन्होंने 2024 की नेशनल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था।


मयंक



रोहतक। कोच सामरा के साथ हिजाजी और ऐमन यासीन। फोटो : हरिभूमि

### हिजाजी और ऐमन यासीन ने जीता कांस्य पदक

कोच सामरा ने बताया कि हिजाजी और ऐमन यासीन ने 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने पिछले तीन माह पहले दौड़ का अभ्यास शुरू किया था। उन्होंने बताया कि तीन माह के अभ्यास में दोनों खिलाड़ियों ने पदक जीता हैं। दोनों खिलाड़ियों ने पहली बार नेशनल प्रतियोगिता में भाग लिया हैं।

### स्पेशल बच्चों में खेल से अनुशासन आता : कोच

कोच चंदा सिंह ने बताया कि स्पेशल बच्चों को सिखाना काफी मुश्किल होता है। बच्चों को चीजे सीखाने में काफी समय लग जाता हैं। बार-बार एक चीज का अभ्यास करवाना होता हैं। बच्चों के लिए स्टैप दूढंना होता हैं। किस तरह से पैर उठाना होता है। बच्चें ना अच्छे दौड़ पाते हैं और ना ही अच्छे से हाथ चला पाते हैं। पहले बच्चों को इशारों में बताते हैं। स्पेशल बच्चों में खेल जरिए अनुशासन आता हैं। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य से 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया था और 15 बच्चों ने पदक जीते हैं।

### हार्दिक ने जीते दो पदक



हार्दिक ने बताया कि 100 मीटर दौड़ में रजत और लंबी कूद में कांस्य पदक जीता। पिछले एक साल से दौड़ का अभ्यास कर रहा हूं। कोच पीयूष के कहने पर खेलना शुरू किया था। पिता विशाल बिजनेसमैन हैं और कविता गृहिणी हैं। इससे पहले 2025 में स्टेट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता।

## विश्वविद्यालय समावेशी शिक्षा और खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धः कुलपति

*इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय समावेशी शिक्षा और खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा ऐसे आयोजन दिव्यांग खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता पर जोर दिया। इससे पूर्व प्रो. राजकुमार ने स्वागत भाषण दिया और डॉ. डीजी चौधरी ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सोनू व डॉ. कुलदीप चौधरी ने किया। समापन समारोह में विश्वविद्यालय अधिकारी, प्रशिक्षक, विद्यार्थी, कोच और खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।*


रोहतक। मुख्य अतिथि उपायुक्त सचिन गुप्ता को स्मृति चिन्ह देते खिलाड़ी।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता में शहीद रायसिंह राजकीय महाविद्यालय सांपला ने दूसरा स्थान हासिल किया

रोहतक। शहीद रायसिंह राजकीय महाविद्यालय सांपला के हैंडबॉल के खिलाड़ियों ने अंतर महाविद्यालय हैंडबाल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जाट कॉलेज रोहतक में 4 और 5 फरवरी को संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में शहीद रायसिह राजकीय महाविद्यालय सांपला के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया और फाइनल में पहुंचकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य ने सभी विजेताओं को बधाई दी। टीम के कोच डॉ. जयपाल धनखड़ ने खिलाड़ियों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया और टीम के मैनेजर डॉ. दीपक लठवाल ने खिलाड़ियों को और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।


रोहतक। विजेता को बधाई देते प्राचार्य डॉ. परम भूषण आर्य,कोच डॉ. जयपाल धनखड़ व डॉ. दीपक लठवाल। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य सुरेन्द्र सांगवान।

## साइकिल रेस में गांव चिड़ी की किरण प्रथम, मोखरा की अंजलि रही द्वितीय

रोहतक। राजकीय पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित करवाई गई जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साइकिल रेस में चिड़ी निवासी किरण प्रथम, मोखरा निवासी अंजलि द्वितीय व स्थानीय सुनारिया चौक निवासी सिमरन तृतीय स्थान पर रही। महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेन्द्र सांगवान भी उपस्थित रहे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलन व हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

### ये रहे परिणाम

इसी तरह 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में स्थानीय निवासी सुनीता प्रथम, महम निवासी सरिता द्वितीय तथा चिड़ी निवासी प्रमिला तृतीय, 300 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में निधि रोहतक ग्रामीण प्रथम, शिल्पा रोहतक शहरी द्वितीय व मनीता कलानौर तृतीय स्थान पर रही, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में मीनू देवी महम प्रथम, रोहतक शहरी हिना द्वितीय व शीना तृतीय स्थान पर रही। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में सीमा सांपला प्रथम, कमलेश रोहतक ग्रामीण द्वितीय व मंजू चिड़ी तृतीय रही। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में बबीमा सांपला प्रथम, सुंदर कलां सांपला द्वितीय तथा सुनीता देवी रोहतक शहरी तृतीय स्थान पर रही।

### चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम में सीके नायडू ट्रॉफी स्पर्धा

## मुंबई ने पहले दिन सात विकेट पर 250 रन बनाए

**मुंबई के मनन ने शतक जमाया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम लाहली में सीके नायडू ट्रॉफी (एलीट) में पहले दिन मुंबई ने सात विकेट के नुकसान पर 250 रन बनाए। मुकाबला हरियाणा और मुंबई के बीच खेला जा रहा हैं। मुंबई की ओर से मनन ने शानदार 104 रन बनाए। हरियाणा की ओर से आयुष शर्मा ने पांच विकेट लिए।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले दिन का खेल खत्म होने पर 7 विकेट के नुकसान पर 250 रन बना लिए। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी व मैच की तीसरी गेंद पर पहला विकेट गंवा दिया था। कप्तान अंगकृष रघुवंशी खाता खोले बिना ही आउट हो गए। इसके बाद आयुष और मनन ने पारी को संभाला। आयुष ने 150 गेंदों पर 63 रन और मनन ने 203 गेंदों पर 104 रन बनाए।

मानव ने अपनी शतकीय पारी में 7 चौके और 3 छक्के जड़े। इसके अलावा आयुष सचिन ने 24 रन बनाए। हिमांशु 18 और अथर्व 6 रन बनाकर क्रिज पर डटे हुए हैं। हरियाणा की ओर से आयुष ने 27 ओवर में 6 मेडन और 84 रन देकर पांच विकेट लिए। इसके अलावा विवेक और रिषभ ने एक-एक विकेट लिया

### रोजगार विभाग हरियाणा की पहल

# विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं व करियर विकल्पों की दी जानकारी

- एमडीयू में बैंकिंग सेक्टर में रोजगार अवसरों पर व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोजगार विभाग हरियाणा की ओर से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के राजनीतिक विज्ञान विभाग में 'बैंकिंग सेक्टर में रोजगार के अवसर' विषय पर व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराना रहा।

मंडल रोजगार अधिकारी राजेश सांगवान ने राष्ट्रीयकृत, निजी, क्षेत्रीय और ग्रामीण बैंकों में प्रतिवर्ष निकलने वाली हजारों रिक्तियों की जानकारी साझा की। उन्होंने बैंक पीओ, कार्यालय सहायक, लिपिक तथा विशेषज्ञ अधिकारी जैसे पदों के लिए आईबीपीएस द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया और सफल तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. ममता देवी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर विभाग का स्टाफ, विद्यार्थी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते मंडल रोजगार अधिकारी राजेश सांगवान।

### विभिन्न स्कूलों में हुई संगोष्ठियां

मण्डल रोजगार कार्यालय रोहतक द्वारा 2 से 6 फरवरी 2026 तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह मनाया गया। इस दौरान चांदी, खरैंटी, चिड़ी, घरौठी और महम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में संगोष्ठियां आयोजित की गई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा एनालिसिस, आईटीआई व पॉलिटेक्निक जैसे उभरते पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही रोजगार विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण प्रक्रिया और रोजगार मेलों के लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया गया, ताकि विद्यार्थी भविष्य के लिए बेहतर करियर विकल्प चुन सकें।

## 10 को भिवानी में होगी अग्निवीर भर्ती द्वितीय चरण की रैली

रोहतक। सेना भर्ती कार्यालय रोहतक द्वारा अग्निवीर भर्ती योजना के तहत द्वितीय चरण की भर्ती रैली 10 फरवरी को भिवानी के भीम स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। भर्ती निदेशक अनुराग सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन (10वीं पास) श्रेणियों के लिए कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (द्वितीय चरण) में शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पात्र अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। सभी उम्मीदवारों को भर्ती स्थल पर निर्धारित समय से पहले पहुंचने तथा अपने साथ आवश्यक दस्तावेज, पहचान पत्र और अन्य जरूरी प्रमाण पत्र लाने की सलाह दी गई है, ताकि भर्ती प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

भर्ती निदेशक ने कहा कि सेना भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता आधारित है। उम्मीदवार किसी भी प्रकार के दलाल या एजेंट के झांसे में न आएं और केवल आधिकारिक माध्यमों से ही जानकारी प्राप्त करें। भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए उम्मीदवार सेना भर्ती कार्यालय रोहतक से संपर्क कर सकते हैं या हेल्पलाइन नंबर पर बात कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि भर्ती रैली के दौरान किसी भी प्रकार के शक्तिवर्धक या नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले उम्मीदवारों को तुरंत भर्ती प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों से अनुशासन बनाए रखने, नियमों का पालन करने और समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है, ताकि भर्ती रैली सफलतापूर्वक आयोजित की जा सके।

## वरिष्ठ अधिवक्ता विजय भारद्वाज को सेवानिवृत्त अध्यापक ने भेंट की पेंटिंग

रोहतक। न्यायालय में लंबे समय से वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में कार्यरत एडवोकेट विजय भारद्वाज को फाइन आर्ट्स के सेवानिवृत्त अध्यापक साद राम शर्मा ने अपने हाथों से बनाई गई एक विशेष पेंटिंग भेंट की। इस अवसर पर अध्यापक शर्मा ने बताया कि वे अब तक अपने हाथों से बनाई लगभग 860 पेंटिंग समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को भेंट कर चुके हैं। इनमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, न्यायपालिका से जुड़े जज, प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तित्व शामिल हैं। पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा के कार्यों से प्रभावित होकर उन्होंने एडवोकेट विजय भारद्वाज को यह पेंटिंग भेंट की है। शर्मा ने बताया कि भारद्वाज अब तक आयुर्वेदिक पौधा सहजन के 100 से अधिक पेड़ लगा चुके हैं, जिनमें कई बड़े हो चुके हैं और कई पौधों की वे स्वयं देखभाल कर रहे हैं। अध्यापक शर्मा के अनुसार विजय भारद्वाज हर वर्ष शहर और बाहरी क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर औषधीय पौधे लगाते हैं, जिससे आम लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलता है और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दोनों के सामाजिक कार्यों की सराहना की।


रोहतक। एडवोकेट विजय भारद्वाज को पेंटिंग भेंट करते फाइन आर्ट्स के सेवानिवृत्त अध्यापक साद राम शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षकों और प्रशिक्षुओं के कौशल विकास पर बल दिया




रोहतक। सिरतार संस्थान रोहतक में भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) नई दिल्ली के सौजन्य से दो दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा (सीआरई) कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय इनक्लूसिव एजुकेशन इन इंडिया पाथवे टू इक्विटी, एसैसिबिलिटी एण्ड एक्सीलैंस रहा। मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य समावेशी शिक्षा के जरिए समाज में समानता और सुलभता लाना है। उन्होंने शिक्षकों और प्रशिक्षुओं के कौशल विकास पर बल दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्थान के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ए.डी. पासवान और कोरडीनेटर डॉ. शैलेश कुमार ने अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और विशेषज्ञों द्वारा संस्थान परिसर में पौधारोपण भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है।इस दो दिवसीय कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध रिसोर्स पर्सन प्रतिभागियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं, जिनमें डॉ. मुकेश कुमार, नैदानिक मनोवैज्ञानिक (सिरतार), डॉ. यशविन्द्र कपिल, फैकल्टी (जी.आर.आई.आई.डी, चण्डीगढ़), शशी भूषण, नैदानिक सहायक (सी.आर.सी., सुन्दर नगर), दिप्ती सिंह, प्राचार्या (वाजरा आशा स्कूल, जालंधर) शामिल हैं।

### 9वीं व 11वीं कक्षाओं में रिक्त सीटों पर चयन परीक्षा आज

रोहतक। घुसकानी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में 9वीं व 11वीं कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 7 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर बाद 1:30 मिनट तक आयोजित होगी। यह परीक्षा रोहतक जिला के अभ्यर्थियों के लिए घुसकानी गांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित होगी। इन कक्षाओं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किये थे। उपायुक्त एवं जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं।

## गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा में सदस्यता का रास्ता साफ, हरियाणा सरकार ने दी अनुमति

रोहतक। गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा में नए आजीवन सदस्यों की नियुक्ति को लेकर वर्षों से चला आ रहा गतिरोध अब समाप्त हो गया है।



हरियाणा सरकार ने विशेष प्रावधानों के तहत सभा को नए सदस्य जोड़ने की मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सभा के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने 'हरियाणा पंजीकरण एवं विनियमन सोसायटी अधिनियम, 2012' की धारा 85 के तहत विशेष छूट प्रदान की है। जिला रजिस्ट्रार (फर्म्स एंड सोसायटीज) ने सभा के प्रशासक को पत्र भेजकर इस स्वीकृति की पुष्टि की है। यह आदेश राज्य रजिस्ट्रार द्वारा 29 जनवरी को जारी पत्र के अनुपालन में दिया गया है। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में सभा की कोई चुनी हुई गवर्निंग बॉडी अस्तित्व में नहीं है। सामान्य परिस्थितियों में ऐसी स्थिति में नए सदस्य बनाना कठिन होता है, लेकिन धारा 85 के विशेष अधिकारों का प्रयोग करते हुए सरकार ने सदस्यता का मार्ग प्रशस्त किया है।

### लघु सचिवालय में शिक्षा विभाग व सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक

# सभी लक्षित बच्चों को क्षमता में निपुण बनाने पर दें जोर : उपायुक्त

- मॉडल संस्कृति स्कूलों में विज्ञान विद्यार्थियों के लिए 11 फरवरी से क्रैश कोर्स किए जाएंगे शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निपुण हरियाणा के तहत जिले के सभी लक्षित बच्चों को हर क्षमता में निपुण बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। स्थानीय लघु सचिवालय में आयोजित शिक्षा विभाग व सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि संबंधित रिसोर्स पर्सन को स्कूल आबंटित किए जाएं और डाइट के विषय विशेषज्ञ नियमित रूप से स्कूलों का दौरा कर बच्चों की प्रगति की निगरानी करें।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिले के सभी 211 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में जीरो पीरियड्स पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि बच्चों की बुनियादी क्षमताओं को मजबूत किया जा सके। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अध्यापकों को जिला प्रशासन की ओर से प्रशंसा पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विज्ञान विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए 11 फरवरी से सभी राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूलों में क्रैश कोर्स शुरू किए जाएं। इन कोर्स में विज्ञान व गणित के विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को परीक्षा के अनुरूप तैयारी करवाएंगे तथा प्रश्नपत्र हल करने की सही तकनीक भी सिखाई जाएगी। बोर्ड परीक्षाओं के बाद नॉन मेडिकल विद्यार्थियों के लिए जेईई (मेंस) की तैयारी हेतु विशेष क्रैश कोर्स आयोजित करने के निर्देश भी दिए, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी आईआईटी व एनआईटी में प्रवेश पा सकें। उपायुक्त ने डाइट मदीना की फैकल्टी को अध्यापकों के नियमित प्रशिक्षण सुनिश्चित करने तथा 'नींव', 'स्पार्क' और 'स्टीम' जैसे कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।


रोहतक। लघु सचिवालय में आयोजित शिक्षा विभाग व सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### 367 अन्य बच्चों को भी मुख्यधारा में शामिल करने की प्रक्रिया जारी

इन कार्यक्रमों के माध्यम से डिजिटल शिक्षा, विज्ञान गतिविधियों और रचनात्मक सीखने को बढ़ावा दिया जाएगा। सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने स्कूल से बाहर बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ने पर बल दिया। विभाग द्वारा इस सत्र में 287 बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाया गया है, जबकि 367 अन्य बच्चों को भी मुख्यधारा में शामिल करने की प्रक्रिया जारी है। बैठक में शिक्षा अधिकारियों को बच्चों की सीखने की क्षमता बढ़ाने, डिजिटल माध्यम से शिक्षा देने और विज्ञान विषयों में रुचि विकसित करने के लिए विशेष योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला व खंड शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### रि-ओपन शिकायतों का करें स्थायी निपटारा : डीसी

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में रि-ओपन हुई शिकायतों का उचित, पारदर्शी और स्थायी निपटारा किया जाए। स्थानीय लघु सचिवालय में आयोजित हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि शिकायतों का निपटारा करते समय सरकार द्वारा नियुक्त एमिनेंट पर्सन के हस्ताक्षर अवश्य करवाए जाएं, ताकि मामलों का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे शिकायतों को सकारात्मक दृष्टिकोण से लें और संबंधित नागरिकों से सीधे संवाद कर उन्हें विभागीय कार्रवाई की जानकारी दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों में लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा की जाए और किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। सचिन गुप्ता ने यह भी निर्देश दिए कि समाधान शिविरों के साथ-साथ सीएम विंडो और अन्य शिकायत पोर्टलों पर दर्ज मामलों का भी समयबद्ध समाधान किया जाए।

सप्ताह के अतिथि

## हरिभूमि के सप्ताह के अतिथि कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने दी जानकारी

# अब नागरिक अस्पताल में भी होगी कीमोथेरैपी कैंसर के मरीजों के लिए पहली बार सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अब रोहतक के नागरिक अस्पताल में भी कीमो थेरैपी की सुविधा शुरू हो गई है। यह कीमो थेरैपी उन कैंसर के मरीजों की दी जाएगी, जो पीजीआई से एक और दूसरी कीमो के बाद नॉर्मल रहेंगे। आसान शब्दों में समझाएं तो कैंसर के मरीजों को पहली और दूसरी कीमो थेरैपी पीजीआई में ही करवानी होगी। इन दोनों कीमो थेरैपी के बाद अगर मरीज को किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता है तो वह नागरिक अस्पताल में कीमो थेरैपी करवा सकता है।

गौर करने लायक है कि अभी तक कीमो थेरैपी या तो पीजीआईएमएस में होती थी या प्राइवेट अस्पतालों में। नागरिक अस्पतालों में यह सुविधा नहीं थी, अब इसे शुरू कर दिया गया है। इससे उन मरीजों को राहत मिलेगी जिन्हें कीमो थेरैपी करवाने के लिए पीजीआई में इंतजार करना पड़ता है। नागरिक अस्पताल में कीमो थेरैपी शुरू होने से पीजीआई में भी मरीजों का दबाव कम होगा। यह नई जानकारी रोहतक के सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने दी। वे शुक्रवार को हरिभूमि के 'सप्ताह के अतिथि' कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे। डॉ. रमेश चंद्र ने इस दौरान बहुत सी जानकारी साझा की और लिंगानुपात पर भी वे सख्त नजर आए। उन्होंने कहा कि भ्रूण लिंग जांच जैसे घिनौने अपराध पर अब कोई नरमी नहीं, कोई समझौता नहीं। रोहतक में लिंग जांच कराने वालों और कराने वालों को बचाने वालों दोनों पर हमारी सीधी नजर है। गुप्त सूचनाओं पर तुरंत छापेमारी हो रही है और कई मामलों में आरोपी रंगे हाथों पकड़े जा चुके हैं। सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने कहा कि लिंग जांच पर जीरो टॉलरेंस और इलाज में नो कॉम्प्रोमाइज की पॉलिसी हमारी पहचान है।

**पहली और दूसरी कीमो थेरैपी पीजीआई में ही करवानी होगी, साइड इफेक्ट नहीं तो सिविल अस्पताल आएं**

**लिंग जांच पर जीरो टॉलरेंस, इलाज में नो कॉम्प्रोमाइज की पॉलिसी ही हमारी पहचान**

**गुप्त सूचनाओं पर तुरंत हो रही छापेमारी, रंगेहाथ पकड़े भी जा चुके हैं कई आरोपी**



■ रोहतक में भ्रूण लिंग जांच कराने वालों और उन्हें बचाने वालों पर हमारी सीधी नजर

### दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की गई

स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने कहा कि सिविल अस्पताल में लोगों को बेहतर और सुलभ इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। बहुत से लोग निजी अस्पतालों में इलाज कराना चाहते हैं, लेकिन सिविल अस्पताल की सुविधाएं उनसे कहीं बेहतर हैं। यही कारण है कि लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सिविल सर्जन ने बताया कि बीमारी के प्रकार के अनुसार मरीजों को पीएचसी और सीएचसी सेंटरों से भी सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं। दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को भी राहत मिल रही है।

### आयुष्मान कार्ड : शिकायत पर तुरंत कार्रवाई

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि आयुष्मान कार्ड से प्राइवेट अस्पतालों में इलाज हो रहे हैं। लेकिन अगर कहीं लापरवाही या किसी तरह की कोताही सामने आती है तो हम एक्शन लेंगे। अगर किसी मरीज ने शिकायत की और जांच में प्राइवेट अस्पताल की खामियां नजर आई तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी, इसे लेकर कोई समझौता नहीं होगा।

### लिंगानुपात : 10 अंकों की छलांग, रेशो 898

सेक्स रेशो पर बात करते हुए डॉ. आर्य ने बताया कि रोहतक जिले में 10 अंकों की सुधार के साथ आंकड़ा 898 तक पहुंचा है, लेकिन अभी लंबी लड़ाई बाकी है। इसके लिए कानून का सख्त पालन और सामाजिक जागरूकता दोनों जरूरी हैं। प्रदूषण को लेकर चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण एलर्जी और फेफड़ों की बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। साफ वातावरण, मास्क का इस्तेमाल और नियमित हेल्थ चेकअप से खतरे को काफी हद तक टाला जा सकता है।

### इलाज : एलोपैथी, होम्योपैथी और आयुर्वेद तीनों का अपना महत्व

डॉ. आर्य ने कहा कि आज के दौर में कोई भी बीमारी लाइलाज नहीं है। हर बीमारी का इलाज संभव है, बस जरूरत है समय पर जांच और सही उपचार की। इलाज की पद्धतियों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि एलोपैथी, होम्योपैथी और आयुर्वेद तीनों का अपना-अपना महत्व है। एलोपैथी में जहां असर जल्दी दिखाई देता है, वहीं होम्योपैथी और आयुर्वेदिक उपचार भी कई मामलों में बेहतर परिणाम देते हैं। आज लोग इन तीनों पद्धतियों को अपना रहे हैं।

### मिलावट खोरों पर खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की पैनी नजर

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि मिलावट खोरों पर खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की पैनी नजरें हैं। रोहतक में विभाग की ओर से पूरी तरह मुस्तैदी बरती जा रही है। सैंपलिंग होती है और सैंपल फेल आने पर नियमानुसार कार्यवाही भी अमल में लाई जाती है।

## पांच साल तक 340 कर्मचारियों और मशीनों से होगी नियमित सफाई, कमेटी की मंजूरी

# 37 करोड़ की परियोजना से बदलेगी शहर की सूरत, आधुनिक रोड स्वीपिंग व्यवस्था शुरू

किसी भी शिकायत के लिए 7303050200 और 7303050800 पर कर सकते हैं संपर्क

■ सर्वेक्षण में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले वार्ड सदस्यों को सम्मानित भी किया जाएगा




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मेयर रामअवतार वाल्मिकी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम रोहतक द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। निगम क्षेत्र में विधिवत रूप से रोड स्वीपिंग कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मिकी ने बताया कि नगर निगम शहर की स्वच्छता को लेकर पूरी तरह गंभीर है और नागरिकों को बेहतर, स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्य शुरू किया गया है। रोड स्वीपिंग कार्य का शुभारंभ पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, कोषाध्यक्ष अजय बंसल, वार्ड सदस्यों, मनोनीत सदस्यों तथा नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।

इसके साथ ही संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी व मंजीत सिंह, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया व योगराज छिकारा तथा मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। मेयर ने बताया कि इस परियोजना को मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसके बाद नगर निगम रोहतक द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया के माध्यम से यह कार्य अलॉट किया गया। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

### विशेष अभियान चलेंगे: निगम कमिश्नर

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि सफाई अधिकारियों को रोड स्वीपिंग कार्य की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाए जाएंगे और आमजन से सफाई व्यवस्था का फीडबैक भी लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घर-घर से कूड़ा उठान और उसके निस्तारण की व्यवस्था पहले से लागू है और अब रोड स्वीपिंग शुरू होने से नागरिकों को और अधिक सुविधा मिलेगी। अंत में नगर निगम ने नागरिकों से अपील की कि खुले में कचरा न डालें और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में निगम का सहयोग करें। यदि किसी घर, दुकान या संस्थान से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है, तो 7303050200 और 7303050800 नंबरों पर शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है, जिसका तुरंत समाधान किया जाएगा।

### ये बोले मनीष ग्रोवर

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि इस योजना से नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने नगर निगम से आग्रह किया कि एक ठोस योजना बनाकर स्वच्छता के कार्य किए जाएं, ताकि रोहतक शहर स्वच्छता रैंकिंग में देश में सर्वोच्च स्थान हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल निगम की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### हस्त रेहड़ियों से भी उठेगा कचरा

इस रोड स्वीपिंग परियोजना पर लगभग 37 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिसे वाई एल वी एसोसिएट को पांच वर्षों की अवधि के लिए अलॉट किया गया है। इस कार्य के अंतर्गत निगम क्षेत्र में एक आधुनिक स्वीपिंग मशीन के साथ-साथ लगभग 340 कर्मचारी सफाई व्यवस्था में तैनात किए जाएंगे। कूड़ा उठाने के लिए हस्त रेहड़ियों की भी व्यवस्था की जाएगी। परियोजना के तहत शहर की प्रमुख सड़कों, मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों और आवासीय इलाकों में मशीनों और मैनुअल सफाई के माध्यम से नियमित रूप से रोड स्वीपिंग की जाएगी।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में मिलेगी अच्छी रैंक

महापौर ने कहा कि रोड स्वीपिंग कार्य शुरू होने से न केवल शहर की सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार होगा, बल्कि इसका सकारात्मक असर स्वच्छता सर्वेक्षण में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए वार्ड स्तर पर स्वच्छता रैंकिंग करवाई जाएगी और प्रथम तीन स्थान पर आने वाले वार्ड सदस्यों को सम्मानित भी किया जाएगा।



## अखिल भारतीय गोशाला पहरावर के वार्षिक उत्सव में प्रस्तुत किया 'शाही लकड़हारा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अखिल भारतीय गौशाला पहरावर में वार्षिक उत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सांग के उद्घाटन के साथ हुई, जिसमें गौसेवा के लिए श्रद्धालुओं ने उदारतापूर्वक दान दिया। जयभगवान कौशिक पहरावर ने 1,31,000 रुपये, विजय कौशिक पहरावर ने 1,11,000 रुपये और रमेश चंद्र पहरावर ने 1,11,000 रुपये गोमाता की सेवा में समर्पित किए। गोशाला के प्रधान नरेश शर्मा ने बताया कि पहले दिन कुल 4,50,000 रुपये का दान एकत्रित हुआ। उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम 15 फरवरी तक निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और धार्मिक आयोजन शामिल रहेंगे।

उत्सव के दौरान विष्णुदत्त द्वारा "शाही लकड़हारा" का दूसरा भाग प्रस्तुत किया गया] जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

### ये रहे मौजूद

ओमप्रकाश मास्टर, शिवकुमार मास्टर, राजू, सेवाराम, बिजेंद्र ब्रह्मचारी, रमेश राणा, गोविंद, सोनू, हरिओम, दीनू, चन्द्रे, बलियाना वासुदेव, शिवकुमार, जयभगवान, विक्रम, प्रेम सिंह मौजूद रहे।

## एमडीयू के यूआईईटी में सात दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में सात दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो युद्धवीर सिंह ने मुख्य वक्तव्य देते हुए कौशल आधारित शिक्षा के महत्व बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल, अनुकूलन क्षमता और सतत अधिगम विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य हो गए हैं। कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के प्राध्यापक डॉ. हरकेश सहरावत ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षा और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच सेतु का कार्य करती हैं तथा विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यक्षेत्र के लिए तैयार करती हैं।

## मॉडल स्कूल महम में हुई रामायण प्रश्नोत्तरी स्पर्धा, राम टीम जीती

**महम।** मॉडल स्कूल महम में रामायण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। जिसमें राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न टीम शामिल थी। प्रश्नोत्तरी में राम टीम प्रथम विजेता रही। विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा ने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कृति और संस्कार अपनाने का संदेश दिया। इस मौके पर कुसुम, पिंकी, कविता स्नेहा मौजूद रहे।

## कार्यशाला में अंग्रेजी और विदेशी भाषाएं विभाग में यूजी पाठ्यक्रम सुधार पर की चर्चा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषाएं विभाग में शुक्रवार को अंग्रेजी विषय में यूजी सिंगल मेजर एवं एमडीसी प्रोग्राम के पाठ्यक्रम पर विमर्श विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो गुलाब सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य स्नातक स्तर के सिंगल मेजर एवं मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्स (एमडीसी) कार्यक्रमों के वर्तमान पाठ्यक्रम की गहन समीक्षा करना तथा उसे और अधिक समकालीन, व्यवहारिक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए संभावित सुधारों पर विचार करना था। विशेष रूप से उन चुनौतियों और व्यावहारिक समस्याओं पर चर्चा की गई, जिनका सामना अध्यापक कक्षा शिक्षण के दौरान कर रहे हैं। कार्यशाला के विमर्श सत्रों के दौरान प्रतिभागी शिक्षकों ने पाठ्यक्रम की संरचना, विषय-वस्तु की प्रासंगिकता, शिक्षण-अधिगम परिणामों तथा मूल्यांकन प्रणाली पर सार्थक संवाद किया।

## स्काउटिंग से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड, हरियाणा के राज्य प्रशिक्षक उमंग के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय कोमल पद शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया।कार्यक्रम की संयोजिका सीमा भूटानी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्काउटिंग से जुड़ी अनेक व्यावहारिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें व्हिसल सिग्नल, रस्सी से विभिन्न प्रकार की गांठें लगाना, संकेत देने की कोड भाषा, टेंट लगाना तथा मैदानी कुकिंग जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल रहीं। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## विज्ञान प्रदर्शनी लगाई

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में शुक्रवार को प्राचार्य इंदु सपरा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार एवं अनुसंधान की भावना को विकसित करना रहा। प्रदर्शनी में महाविद्यालय के मनोविज्ञान, भौतिक विज्ञान, जंतु विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भूगोल तथा कंप्यूटर साइंस विभागों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राओं को "लर्निंग बाय डूइंग" की अवधारणा को व्यवहारिक रूप में सीखने का अवसर मिला।

**MANSAROVER HOSPITAL**
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
**REQUIRES**

| | |
|---|---|
| BAMS | 2 |
| RMO | 2 |
| NURSING STAFF | 4 |
| MRI/CT TECHNICIAN | 2 |
| ACCOUNTANT | 1 |
| COMPUTER OPERATOR | 2 |
| RECEPTION | 2 |
| WARD BOY | 4 |


**परीक्षा पर चर्चा** लाइव कार्यक्रम में बच्चों में दिखा उत्साह

# छात्राएं बोलीं प्रधानमंत्री ने समझाया स्किल पर ध्यान दें ना कि अंक पर

■ चिंता और तनाव से ग्रस्त विद्यार्थियों को चर्चा कार्यक्रम से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मॉडल टाउन शहीद दीपक शर्मा पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को छात्राओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम को सुनकर छात्राओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझाया स्किल पर ध्यान दो ना कि अंक पर। परीक्षाओं को लेकर चिंता और तनाव कर रहे विद्यार्थियों को चर्चा कार्यक्रम से राहत मिली। लाइव कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा को उत्सव की तरह लेने की सलाह दी और कहा कि परीक्षा की तैयारी के लिए समय प्रबंधन और अनुशासन महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी गीता देवी ने कहा कि छात्राओं को तनाव रहित देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा से पहले बोर्ड का तो जिक्र ही ना करें और अपनी तैयारी करें। इस दौरा जिला गणित विशेषज्ञ दीपक अरोड़ा, प्राचार्य मीता कंसल, डॉ. नीलम भाकर आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम से डर दूर हुआ



परीक्षा से पहले बच्चे तनाव में आ जाते हैं और डर जाते हैं। कार्यक्रम से सीखा कि डरना नहीं है जो आता वह पहले करना हैं। 10वीं और 12वीं के बच्चों को भय होता है पेपर दूसरे स्कल में होंगे। उन्हें तनाव हो जाता है दूसरे स्कूल में कैसे पेपर देंगे और पेपर कैसा होगा। मेरी दसवीं की परीक्षा में मेरा पेपर गणित का अच्छा नहीं हुआ था। कार्यक्रम से डर भी दूर हुआ हैं। -आशा छात्रा

### मैं पूरी तरह से तैयार हूं



परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से खुद की प्रतिभा को निखारने का हल मिला है। पढ़ाई व अपने समय का सद्उपयोग करके अपने आप तैयार करुं। मैं शैक्षणिक क्षेत्र में दैनिक आदतों को तैयार कर ऐसा बनाऊं कि कोई भी मुझे रिजेक्ट न करें। प्रधानमंत्री ने बताया कि अंक के पीछे मत भागो स्किल सीखों। काफी कंफ्यूजन पीएम के कार्य से सॉल्व हुई है। बोर्ड की परीक्षा की तैयारी के लिए मैं पूरी तरह से तैयार हूं। -सावरी छात्रा

## लैंगिक सुरक्षा संबंधी विधिक प्रावधान बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा इंटरनेशनल फीमेल जेनिटल म्यूटीलेशन (एफजीएम) के प्रति जीरो टॉलरेंस दिवस के उपलक्ष्य में लैंगिक आधारित हिंसा की बढ़ती चिंताओं विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रो. रश्मि बजाज ने लैंगिक न्याय के लिए जागरूकता, संवाद और सतत प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने नकारात्मक मानसिकताओं को चुनौती देने और समावेशी सोच विकसित करने का आह्वान किया। सीबीएलयू, भिवानी के विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद मलिक ने लैंगिक सुरक्षा से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए कानून संबंधी जागरूकता को समाज के व्यापक वर्गों तक पहुंचाने की आवश्यकता रेखांकित की। संगोष्ठी में यह स्पष्ट किया गया कि भले ही एफजीएम इस क्षेत्र में प्रचलित नहीं है, लेकिन लैंगिक आधारित हिंसा एक व्यापक सामाजिक चुनौती के रूप में स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। संगोष्ठी ने इस मुद्दे पर विमर्श के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व और संवेदनशीलता को सुदृढ़ करने का मंच प्रदान किया। महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो. अंजलि मलिक ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान एक अधिक लैंगिक-संवेदनशील और समावेशी समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

## वेदों में वर्णित अग्निहोत्र के महत्व पर प्रकाश डाला



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डॉ. रवि प्रभात ने ओडिशा के बरगढ़ जिले में स्थित नवप्रभात वैदिक विज्ञान शोध केंद्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में वेदों में प्रतिपादित अग्निहोत्र का माहात्म्य विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से संबद्ध नवप्रभात वैदिक विज्ञान शोध केंद्र द्वारा आमंत्रित वैदिक विद्वान डॉ. रवि प्रभात ने बताया कि देवताओं को उद्दिष्ट कर वैदिक मंत्रों द्वारा विशिष्ट पदार्थों की शास्त्रीय विधि से अग्नि में दी गई आहुति को अग्निहोत्र कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति वेदाधारित यज्ञीय संस्कृति है, जिसमें अग्निहोत्र को नित्यकर्म एवं श्रेष्ठ करणीय कर्म के रूप में स्वीकार किया गया है। इसके नियमित अनुष्ठान से आध्यात्मिक, मानसिक एवं भौतिक स्तर पर लाभ प्राप्त होते हैं तथा इसके पुण्यफल अक्षय माने गए हैं। शतपथ ब्राह्मण के संदर्भ में उन्होंने कहा कि श्रद्धा और सत्य के बिना अग्निहोत्र सफल नहीं होता।

# Elenta Mart

A PERFECT HYPERMARKET

## Valentine's Week Special Offer

7 FEB - 15 FEB

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE FREE SUGAR 1 KG

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE FREE FRESCA 1 L

*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

Chocolate Free On Shopping Of ₹2999 & Above WORTH OF ₹40

T&C APPLY

ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | DIGHAL | SAMPLA | GOHANA | KARNAL | SONIPAT | HISAR

- UPTO 25% Off — CADBURY CHOCOLATES *₹50 MRP EXCLUDED
- UPTO 50% Off — VADILAL ICE CREAM
- FLAT 50% Off — AMERICANO CHOCOFAMS
- UPTO 20% Off — HERSHEY'S CHOCOLATES
- UPTO 10% Off — FERRERO ROCHER
- Starting From ₹49 — DECORATIVE FLOWERS
- 33% OFF — BELLAVITA DEO/PERFUMES
- Starting From ₹499 — Gift Hampers
- upto 66% OFF — USTRAA Deodorant

- BISLERI SODA 750ML / WATER 1LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- RAJDHANI BESAN 1KG — ₹89
- GM POHA(500G) — BUY 1 GET 1 FREE
- Fortune atta (10 kg) — ₹409
- TATA TEA PREMIUM 1 KG — ₹329
- 24 MANTRA ATTA 5KG — BUY 1 GET 1 FREE
- COCA / SPRITE / FANTA / LIMCA 2LTR — ₹69
- DEL MONTE MAYONNAISE 700GM — MRP- 199 — ₹89
- HURRICANE ENERGY DRINK (250 ml) — BUY 1 GET 1 FREE
- DEHAAT MAKHANA \ TOOR DAL — BUY 1 GET 1 FREE
- LOOSE SUGAR 5 KG — OUR PRICE ₹230
- AASHIRVAAD ATTA 10KG — OUR PRICE ₹439
- PREET LITE — ₹309
- PATANJALI COW GHEE 1 L — ₹670
- AMUL BUTTER 500GM — OUR PRICE ₹268
- 24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR ML — BUY 1 GET 1 FREE
- PATANJALI MUSTARD OIL 1LTR — ₹172
- TOPS TOMATO KETCHUP 850GM — BUY 1 GET 1 FREE
- TIDE DETERGENT 10KG — OUR PRICE ₹799
- SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- SURF EXCEL 7KG — ₹675
- K'TRIQ SELECTED VARIANT — BUY 1 GET 1 FREE
- WIPRO SAFE WASH MATIC LIQUID 1LTR — BUY 1 GET 2 FREE
- NIVEA - MAMAEARTH- HIMALAYA / VASELINE LOTION — BUY 1 GET 1 FREE

**Rohtak, Bus Stand** — Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak. Contact: +91-8199999480

**Rohtak, Model Town** — NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak. Contact: +91-9350999480

**Karnal** — Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal. Contact: +91-90530 86555

**Dighal** — Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127

**Bahadurgarh** — Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899

**Sampla** — Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800

**Gohana** — Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626

**Jhajjar** — W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531

**Sonipat** — ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana. Contact: +91 90530 87555

**Zirakpur** — Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli) Contact: +91-89300 79600

**Hisar** — Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar. Contact: +91-9896938427

UPCOMING BRANCHES: Ghaziabad, Mohali, Bhiwani, Pinjore, Sirsa

FOLLOW US ON : elenta_mart | elenta mart

*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.